C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:17 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 27 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म उदयपुर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## मल्लीताल क्षेत्र में अधेड़ बीते चार दिन से लापता

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक अधेड़ बीते चार दिन से लापता है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

बता दें मल्लीताल निवासी पुष्पा फ र्त्याल ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि उसके पति दीपक सिंह फ र्त्याल बीते सात जुलाई को घर से बाजार को निकले थे। बताया कि शाम को उसकी अपने पति से फोन पर बात हुई थी। बताया कि वह उस समय अपने दोस्त के साथ था। जिसके बाद से उसके पति का कोई पता नहीं चल पाया है। उसने उसके पति की गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि महिला की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता अधेड़ की खोजबीन की जा रही है।

## ताकुला के समीप भरे गड्ढे व खराब सड़क का जल्द करेंगे नरीक्षण

**नैनीताल**। उप राष्ट्रपति के आगमन पर नैनीताल काठगोदाम रोड पर ताकुला के समीप भरे गड्ढे उनके जाते ही उभर गए हैं। जो लोगों के लिए मुसीबत बन चुके हैं। वहीं गड्ढों से निकली रेता दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुकी है। लेकिन विभाग की ओर से सड़क सही नहीं की गई है। बता दें बीते दिनों उपराष्ट्रपति कुमाऊं यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में नैनीताल आये थे। उनके आने के दौरान एनएच व एडीबी ने नैनीताल काठगोदाम रोड पर गड्ढों को कोल्ड मिकस इमर्सल से पैक कर दिया था। जिससे सडक् गड्ढा मुक्त हो गई थी। लेकिन उपराष्ट्रपति के जाते ही सडक् में दोबारा गड्ढे उभर आए हैं। ताकुला व रूसी के बीच हनुमान मंदिर के समीप पुलिया पर गड्ढे उभरने से बाइक सवारों के लिए और खतरा बढ़ गया है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि सडक् में गड्ढे होने व रेता बिखरने की जानकारी उनको मिली है। एनएच के अधिकारियों को सडक् से बिखरी रेता हटाने व गड्ढों को भरने के निर्देश से दिए गए हैं। जल्द ही सडक् का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टरों में बंटा हरिद्वार

**हरिद्वार**
हमारे संवाददाता

आज से शुरू हो रहे कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए करीब चार हजार पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। मेले में तैनात फोर्स को बुधवार को रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय भवन में ब्रीफ किया गया। पूरे मेला क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टरों में विभिजित किया है।

एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था वी. मुरुगेशन की अध्यक्षता में हुई बैठक में एडीजी अभिसूचना एपी अंशुमान, आईजी यातायात एनएस नपच्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, डीएम हरिद्वार मयूर दीक्षित और एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने जानकारी दी। वी मुरुगेशन ने निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा एक बड़ी चुनौती है, जिसे हम सबको मिलकर सकुशल संपन्न कराना है। कहा कि सभी जवान चप्पे-चप्पे पर नजर रखें और अफवाहों को फैलने से रोकें। कोई घटना छोटी नहीं होती, सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। एडीजी एपी अंशुमान ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले कंटेंट पर विशेष निगरानी रखें। आईजी एनएस नपच्याल ने कहा कि भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था का प्रबंधन हर छोटे व बड़े मेलों में महत्वपूर्ण है। यातायात की मॉनटरिंग 24 घंटे की जाए। आईजी राजीव स्वरूप ने कहा कि सभी घटनाओं पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें। यातायात प्लान को सुव्यवस्थित तरीके से लागू करने के निर्देश दिए। कोई भी वाहन सड़क किनारे पार्क नहीं होना चाहिए। डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि सभी विभागों में आपसी समन्वय जरूरी है। पुलिस प्रशासन एक कड़ी है। हमें मिलकर कार्य करना है। हमारा लक्ष्य कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराना है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कहा कि मानसून को ध्यान में रखते हुए सभी जवान रेनकोट, डंडे, टॉर्च, ओआरएस, नींबू पानी जैसी आवश्यक वस्तुएं अपने साथ रखें। थकान और दबाव के बीच भी पुलिस को संयम और सेवा भाव से कार्य करना है। बताया कि ड्यूटी दो पालियों में सुबह सात से शाम आठ और शाम सात से सुबह आठ बजे तक होगी। सभी कर्मियों को अपने-अपने जोनल अधिकारियों का नंबर अपने पास रखना अनिवार्य है। हरकी पैड़ी क्षेत्र में निजी वाहन वर्जित हैं। ड्यूटी स्थल पर बिना प्रतिस्थानी के कोई नहीं हटेगा।

कांवड़ यात्राः चार हजार पुलिस-अर्द्धसैनिक बल तैनात



भुवनेश्वर में राहुल गांधी का भाजपा पर हमला

# अब बिहार में चुनाव चोरी करने की हो रही साजिशः राहुल गांधी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे।

भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं कल बिहार में था। जिस तरह महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई, उसी तरह का प्रयास बिहार में किया जा रहा है। चुनाव की चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साजिश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है, वह अपना काम नहीं कर रहा है।



उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जोड़े गए। कोई नहीं जानता कि ये मतदाता कौन थे और वे कहां से आए थे? हमने चुनाव आयोग से कई बार कहा कि हमें मतदाता सूची और वीडियोग्राफी उपलब्ध कराएं। लेकिन चुनाव आयोग ने हमें यह उपलब्ध नहीं कराया। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में मैंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं से कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे। ओडिशा सरकार को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ओडिशा सरकार का एक ही काम है, राज्य के गरीब लोगों के हाथों से ओडिशा का धन चुराना। पहले बीजद सरकार ने यही किया और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं और दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, ओडिशा की जनता के साथ मिलकर, इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं।

# लंदन से दिल्ली जा रहे विमान में ईंधन कम, लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग, 300 यात्री थे सवार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

विमान में ईंधन कम होने के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर इमर्जेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। इससे यात्री घबरा गए। हालांकि, ईंधन भरने के बाद विमान सकुशल रवाना हो गया।

लंदन से दिल्ली जा रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट में ईंधन घट जाने के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 300 यात्री सवार थे। मामला बीते बृहस्पतिवार का है। वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की उड़ान संख्या वीएस 302 सुबह करीब साढ़े दस बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होती है। विमान दस घंटे से अधिक का सफर कर रात में दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचता है। गत दिवस विमान लंदन से तय समय पर रवाना हुआ लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में ईंधन कम हो गया। ऐसे में पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचना दी और ईंधन की स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग रात एक बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति दी गई। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना पर सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस आदि को मुस्तैद कर दिया गया। विमान के पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए सावधानी से विमान की लैंडिंग करवाई। विमान के सकुशल लैंड होने पर यात्रियों की जान में जान आई। लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद विमान को टैक्सीवे पर ले गया गया। विमान में ईंधन भरा गया, जिसके बाद फ्लाइट वापस दिल्ली रवाना हो गई। इस दौरान यात्री विमान में ही बैठे रहे।



विमान में सवार यात्रियों को जब दिल्ली की जगह लखनऊ में लैंडिंग की सूचना मिली तो वे घबरा गए। पूछने पर उन्हें बताया गया कि ईंधन कम होने से डायवर्ट किया जा रहा है। इससे यात्री घबरा गए। अहमदाबाद में हुए हादसे के बाद विमान यात्रियों में स्वाभाविक डर पैदा हो गया है लेकिन लखनऊ में लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# अगले दो दिन जिले में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

वर्तमान में मानसून सक्रिय मोड पर है और अगले दो दिन बाद फिर झूमकर बरसने जा रहा है। सरोवर नगरी नैनीताल में पिछले एक माह में 778 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। नगर में वीरवार को झमाझम पानी बरसा है।

मौसम विभाग के राज्य निदेशक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि समय से पहले पहुंचा मानसून उर्वरत पानी बरसा जा रहा है। शुक्रवार व शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना रहेगी जबकि रविवार से अधिक वर्षा के आसार बने हुए हैं जो वीरवार तक जारी रहेगी। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी से भारी वर्षा की संभावना रहेगी। दूसरी ओर नैनीताल में वीरवार को नगर में अपराह्न दो बजे अधिकांश समय तेज बारिश हुई जबकि हल्की बारिश ने पीछा नहीं छोड़ा। जिस कारण सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ। रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हुए। नालों के उफान रहने का क्रम जारी रहा तो कचरे के ढेर भी झील में समाते गए। दोपहर में मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई तो लोगों ने राहत महसूस की। मगर सांयकाल घने बादल पुनः छा गए और बारिश की संभावना बनी हुई थी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान27 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटो में 37 मिमी बारिश हुई। सिंचाई विभाग के जेई डीडी सती ने बताया कि मानसून की बारिश निरंतर जारी होने के कारण सामान्य अधिक वर्षा पिछले एक माह में दर्ज की गई है। 10 जून से0 10 जुलाई के बीच 778 मिमी वर्षा हुई है जो सामान्य से लगभग 150 मिमी अधिक है।

## पुलिस ने एनआई एक्ट महिला वारंटी को गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**। कोतवाली की चौकी आदर्श कालोनी पुलिस ने महिला वारंटी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया जा रहा है। महिला के खिलाफ कोर्ट से जारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस उसे लंबे समय से तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक सरबजीत कौर पत्नी कुलविंदर सिंह के खिलाफ कोर्ट में एनआई एक्ट में मुकदमा दर्ज था। आरोपी महिला कोर्ट में तारीख पर नहीं जा रही। इस पर कोर्ट से महिला के खिलाफ वारंट जारी हुआ। चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह ने बताया कि महिला को कोर्ट से जारी वारंट पर गिरफ्तार किया और कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने दो अन्य वारंटियों को गिरफ्तार किया।

# चेकिंग अभियान के दौरान भारी मात्रा में मिला विस्फोटक

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

राजधानी देहरादून में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ। 125 किलो डायनामाइट के साथ तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सघन चेकिंग अभियान के दौरान थाना त्यूणी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑल्टो कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। चेकिंग के दौरान वाहन से 125 किलोग्राम डायनामाइट, दो डब्बे डेटोनेटर, लाल तार का रोल और एक बंडल बत्ती बरामद हुई। कार सवार आरोपी विस्फोटक ले जाने के वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। तीनों आरोपी रिंकू, रोहित और सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना त्यूणी में विस्फोटक



अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए है।

# बौद्ध मठ में सार्वभौमिक प्रार्थना दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के मल्लीताल के सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में वीरवार को सार्वभौमिक प्रार्थना दिवस मनाया गया जिसमें पूरे विश्व के उन्नति के लिए पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर बौद्ध समुदाय से मिलने और रूबरू होने के लिए उत्तराखंड अल्पसंखयक आयोग की उपाध्यक्ष फ रजाना बेगम रुद्रपुर उद्यम सिंह नगर से आयी।

उनकी ओर से उत्तराखंड अल्पसंखयक आयोग की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने बौद्ध मठ के मठ अध्यक्ष लामा दोरजी को पुष्प भेंट कर उनका सममान किया। बौद्ध मठ के मठ अध्यक्ष लामा दोरजी ने उन्हें तिबबती पारंपरिक खातक (सफेद सिल्क माला) पहनाकर स्वागत किया। उत्तराखंड अल्पसंयक आयोग के उपाध्यक्ष फ रजाना बेगम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बौद्ध अल्पसंखयक समाज को साथ लेकर आगे बढने् की उनकी मन की बात के वक्तव्य से प्रेरित होकर मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन को खास तौर पर बौद्ध समाज के लोगों से रूबरू होने और उनकी समस्याओं की जानकारी व्यक्तिगत रूप से लेने की आदेश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की पूरी कोशिश यह रहेगी कि उत्तराखंड अल्पसंखयक की आखिरी छोर तक रहने हर व्यक्ति तक हम मान्य मुखयमंत्री द्वारा अल्पसंखयक समुदाय के कल्याण और हितों की रक्षा के लिए दिए गए योजनाओं का विस्तार करेंगे ताकि अल्पसंखयक समाज के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अल्पसंखयक समाज की महिला सशक्तिकरण के कार्यों को भी आगे बढ़ाना चाहती हैं। इस मौके पर उत्तराखंड अल्पसंखयक आयोग के बौद्ध सदस्य येशी थुप्तेन और तिबबती संघर्ष समिति के अध्यक्ष तेनजिन जिनपा, स्थानीय तिबबती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तेनजिन जिग्मे, स्थानीय तिबबती महिला संगठन के सचिव रिंजिन चोएजोम और नैनीताल भोटिया समुदाय के अध्यक्ष रिंचेन नामग्याल ने श्रीमती फ रजाना बेगम को ख़ातक पहनाकर उनका स्वागत और अभिनन्दन किया। इस मौके पर तिबबती समुदाय और भोटिया समुदाय के तेनजिन धोन्यो, कुनचौक थरचेन, तेनजिन छौवांग, चौंजोर, कर्मा डिकी, पेमा छोएकी, छिरिंग पल्मो, टाशी डोल्मा, रिजीन छोएज़ोम छिरिंग डोल्मा, लहाकी वांग्मो, पल्डेन संगमों, नोरबू छिरिंग, पेमा छोएफैल, तेनजिन ल्हाडॉन, तेनजिन छिरिंग, छौंकछुंग, छिरिंग यांगजोम तथा छिरिंग टॉपग्याल मौजूद रहे।



# नैनीताल में लंबी लाइनों में खड़े होकर प्रवेश शुल्क चुकाने की आवश्यकता नहीं होगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अब सरोवर नगरी नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर में प्रवेश के लिए लंबी लाइनों में खड़े होकर शुल्क चुकाने की आवश्यकता नहीं होगी। नगर पालिका ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की है जिसके तहत अब पर्यटक फ स्ट ट्रैक मोड से प्रवेश शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। नगर पालिका ने शहर के प्रमुख बैंकों से करार कर यह सुविधा शुरू की है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन सीजन में शहर के तीनों चुंगियों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं जिससे पर्यटकों को परेशानी होती थी और जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती थी साथ ही कर्मचारियों को कैश एकत्र करने पर्यटकों से खुले पैसे लेने देने में दिक्कतों के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में ऑनलाइन (फ स्ट ट्रैक) भुगतान से न केवल ट्रैफि क नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि पर्यटकों का समय भी बचेगा। बताया कि इसके लिए एक क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली विकसित की जा रही है जिसे आने वाले दिनों में सार्वजनिक किया जाएगा साथ ही जिन पर्यटकों ने पहले ही ऑनलाइन भुगतान कर लिया होगा उन्हें चुंगी पर रसीद दिखाकर त्वरित प्रवेश दिया जाएगा। नगर पालिका के इस निर्णय का स्वागत करते हुए नैनीताल होटल व रैस्टोरैंट एसोसिएशन के महासचिव वेद शाह ने कहा कि इससे नैनीताल आने वाले पर्यटकों को सकारात्मक अनुभव मिलेगा जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# अस्पताल की टपकती छत का पानी रोकने की व्यवस्था के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल का वीरवार को एसडीएम नवाजिश खलीक ने निरीक्षण किया और अस्पताल में टपक रही छत का निरीक्षण कर छत की मरममत और तिरपाल बिछाकर अस्थाई रूप से बारिश का पानी रोकने को व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि अस्पताल का निरीक्षण किया गया और अस्थाई रूप से पानी रोकने की व्यवस्था करने के साथ ही दीर्घकालिक योजना बनाकर संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं।

कहा कि अस्पताल की छत से दो-तीन जगह से पानी टपक रहा है जिसके चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी संबंध में अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही इसकी उचित व्यवस्था की जाए ताकि दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर उन्होंने जिला अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टमटा से भी अस्पताल से जुड़ी कई जानकारियां हासिल की।



## NEWS / फटाफट

### प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने के निर्देश

**नैनीताल।** नैनीताल नगर की सफ ाई व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी वंदना ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैनीताल को प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैनीताल रोहितश शर्मा ने बताया कि नैनीताल नगर के प्रत्येक वार्ड में 14 जुलाई से 28 जुलाई तक रोस्टर तैयार कर सघन स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस सफ ाई अभियान को सफल बनाने और इसके निरीक्षण के लिए सुमित कुमार मुखय सफाई निरीक्षक को नोडल अधिकारी व कमल सिंह सफाई निरीक्षक और दिनेश कटियार सफ ाई दरोगा को निरीक्षण अधिकारी नामित किया गया है।

### राजकीय इंटर कॉलेज फौजी मटकोटा जागरूकता कार्यक्रम



**रुद्रपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिह नगर की ओर से ग्राम फौजी कोटा राजकीय इंटर कॉलेज फौजी मटकोटा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एसिड अटैक हम लोग से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं नालसा योजना 2016 के तहत जानकारी दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत एवं साईबर अपराध, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं के मामले में बताते हुए नालसा टोल फ्री नंबर 15100, राष्ट्रीय साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता गुरजीत सिंह, प्राविधिक कार्यकर्ता शालिनी गुप्ता, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रवर्तन कार्रवाई में 92 वाहनो के चालान व दो सीज

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग के द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए 92 वाहनों के चालान किये और एक ट्रक और ऑटो वाहनों को सीज किया। सहायक परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान ,परिवहन अधिकारी गोविंद सिंह, अपराजितापांडेय, अनुभा आर्य परिवहन निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल , नंदन रावत के द्वारा जनपद के विभिन्न भागों पर चेकिंग अभियान चलाया और बस, ट्रक, टैक्सी ,मैक्सी, मोटरसाइकिल ,टैक्सीबाइक वाहनों को चेक करते हुए परमिट शर्तों का उल्लंघन, चालकों के द्वारा निर्धारित यूनिफॉर्म ना पहनना, टैक्स, फिटनेस, प्रदूषण हेलमेट, सीटबेल्ट आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए 92 वाहनो के चालान किये । एक ट्रक व ऑटो को प्रपत्र प्रस्तुत न करने की अभियोग में सीज किया गया। प्रवर्तन कार्रवाई मे सहायक परिवहन निरीक्षक अनिल कार्की, गोधन सिंह, अरविंद सिंह , मोहम्मद दानिश प्रवर्तन चालक महेंद्र कुमार, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

### दीपा दरमवाल ने अपने चुनाव प्रचार को झोंकी ताकत



**हल्द्वानी।** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जिला पंचायत क्षेत्र संख्या 20 देवलचौड़ बंदोबस्ती में चुनावी सरगर्मियाँ तेज हो गई हैं। इस सीट से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी दीपा दरमवाल ने अपने चुनाव प्रचार को पूरी गति दे दी है। दीपा दरमवाल अपने पति, वर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद सिंह दरमवाल तथा समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही हैं। वह घर-घर जाकर जनता से संवाद कर रही हैं और अपने पक्ष में समर्थन मांग रही हैं। दीपा दरमवाल का कहना है कि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है, जिसे लेकर उन्होंने जनता को समाधान का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें अवसर मिला तो इस समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाएगा। वहीं, आनंद सिंह दरमवाल ने अपनी पत्नी को पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में हैं और पार्टी हाईकमान से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उनका पूरी निष्ठा से पालन किया जाएगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# दोस्ती प्यार में बदली फिर होटल में जबरन बनाए शारीरिक संबंध

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदल गई और यही प्यार युक्ति के लिए श्राप बंद कर उसकी जिंदगी को तबाह कर गया बीते दिवस युक्ति मुखानी थाने पहुंची और उसने पुलिस अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी बात उत्तरप्रदेश निवासी अंकित नाम के युवक से हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। आरोप है कि युवक कुछ दिन पहले उससे मिलने के लिए हल्द्वानी आया।

यहां एक होटल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। युवक ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई व फोटो खींच लिए। जिसके बाद फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। जिससे युवक्ति लोकलाज के डर से उसके जुल्म



सहती रही। लेकिन जब पानी सीक ऊपर से पार होने लगा तो उसके सब्र का बांध टूट गया और वह थाने पहुंचकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। शीघ्र उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी की लोकेशन निकाली जा रही है। और जिस होटल में वह ठहरा था वहां से उसकी आईडी भी ली गई है।

# ब्रिटिशकालीन नालों पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं मंडल मुख्यालय स्थित नैनीताल शहर के ऐतिहासिक ब्रिटिशकालीन नालों पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर संबंधित विभागों को 15 दिनों के भीतर अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर सौंपने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नगर क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को बाधित करने वाले नालों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व, लोक निर्माण विभाग (लोनिवि), सिंचाई विभाग, नगर पालिका तथा अर्थ एवं संख्या विभाग के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया है। यह टीम नैनीताल शहर में मौजूद ब्रिटिश काल के 62 नालों का सर्वे करेगी।



सर्वे के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जाएगा। टीम जीआईएस, जीपीएस, ड्रोन और बंदोबस्ती नक्शों की सहायता से नालों के वास्तविक स्वरूप का आकलन कर अतिक्रमण की पहचान करेगी। रिपोर्ट में नालों पर किए गए अवैध निर्माण, कब्जे और अतिक्रमण की विस्तृत जानकारी दर्ज की जाएगी।

डीएम ने टीम को निर्देश दिए कि सर्वे का कार्य हर हाल में 15 दिन के भीतर पूर्ण किया जाए और अतिक्रमणकारियों की सूची उन्हें सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस सक्रियता को देखते हुए नगर में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। वर्षों से नालों पर किए गए अवैध निर्माणों को अब हटाया जाना तय माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जलभराव और बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए नालों की सफाई और उनकी मूल संरचना को बहाल करना आवश्यक है।

# अभिमत

## खामियों की भरमार

***कंपनियां भी नियमों की अनदेखी कर रही हैं। इस तरह की अनदेखी किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए हर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन, उड़ान योग्यता, रैंप सुरक्षा, हवाई यातायात नियंत्रण, संचार, नेवीगेशन, निगरानी प्रणाली, उड़ान से पूर्व चिकित्सा मूल्यांकन आदि सुनिश्चित होना चाहिए। प्रथमदृष्टया पता चला है कि हवाई अड्डों के पास नियम के विरुद्ध नये निर्माण किये जा रहे हैं। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट मेडिकल कालेज के हॉस्टेल पर दुर्घटनाग्रस्त विमान का हिस्सा गिरने से आग लगी थी।***

यात्रा कोई भी हो, सावधानी, सतर्कता और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित होने चाहिए। अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद जांच में खामियों की भरमार सामने आई है। नागर विमानन महानिदेशालय ने जांच सिर्फ अहमदाबाद हवाई अड्डे तक सीमित नहीं रखी है। देशभर के छोटे से लेकर बड़े हवाई अड्डों की जांच की जायेगी। सूत्रों का कहना है कि विमानन कंपनियों और हवाई अड्डे पर ऑपरेटर के तौर पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियां भी नियमों की अनदेखी कर रही हैं। इस तरह की अनदेखी किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए हर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन, उड़ान योग्यता, रैंप सुरक्षा, हवाई यातायात नियंत्रण, संचार, नेवीगेशन, निगरानी प्रणाली, उड़ान से पूर्व चिकित्सा मूल्यांकन आदि सुनिश्चित होना चाहिए। प्रथमदृष्टया पता चला है कि हवाई अड्डों के पास नियम के विरुद्ध नये निर्माण किये जा रहे हैं। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट मेडिकल कालेज के हॉस्टेल पर दुर्घटनाग्रस्त विमान का हिस्सा गिरने से आग लगी थी और कई विद्यार्थी मरे थे। सबसे अधिक चिंताजनक यह है कि शुरुआती जांच में दिल्ली, मुंबई और देश के अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर बड़े पैमाने पर खामियां मिली हैं। किसी भी शहर में हवाई अड्डा आबादी से दूर बनाया जाता है। हवाई अड्डे की निर्धारित भूमि के निकट किसी भी तरह का निर्माण प्रतिबंधित होता है। विमान के उड़ान भरते ही गड़बड़ी से तत्काल लैंड कराने में हवाई अड्डे के पास के खाली स्थान का इस्तेमाल किया जा सकता है। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट मेडिकल कालेज नहीं होता तो छात्रों की जान को खतरा टाला जा सकता था। उत्तराखंड में हवाई अड्डों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे बड़े विमानों की सेवा शुरू की जा सके। पर्वतीय क्षेत्र में पहले से ही छोटे हवाई अड्डे हैं। पर्वतीय क्षेत्र में छोटे विमानों की सेवा शुरू की गई, लेकिन विमानन कंपनियों के विमान तकनीकी रूप से दुरुस्त नहीं होने के कारण विमान सेवा सुचारू नहीं हो सकती। चारधाम यात्रा के दौरान कई बार हेलीकाप्टर को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। एक बार हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से आधा दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। राज्य सरकार और प्रशासन की अनदेखी से नागर विमानन के हवाई अड्डों के साथ ही वायुसेना के हवाई अड्डों के निकट भी अवैध रूप से आवासीय कालोनी, सड़क और बाजार विकसित हो रहे हैं, जिससे देश की सुरक्षा पर सवाल उठ रहा है।

# सुरक्षा को लेकर सीमा पर समन्वय गोष्ठी आयोजित

## अलर्टः यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अहम कदम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। गुरुवार को काशीपुर में दोनों राज्यों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की अंतरराज्यीय समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। गोष्ठी में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, मुरादाबाद मंडल के डीआईजी मुनिराज, जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर नितिन भदौरिया, एसएसपी ऊधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा समेत अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे । दोनों राज्यों के शीर्ष प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा से जुड़े सभी पहलुओं पर गहन चर्चा की।इस समन्वय बैठक से कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात की सुगमता और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने में दोनों राज्यों की पुलिस को सहयोग मिलेगा।

गोष्ठी में एसएसपी ऊधमसिंहनगर ने इस बात पर जोर दिया कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर ऊधमसिंहनगर जिला बेहद संवेदनशील है। इसे गंभीरता को देखते हुए उत्तराखंड के कुमाऊं और उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के अधिकारियों के साथ इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी तालमेल को बढ़ाना, कांवड़ियों के सुगम आवागमन के लिए यातायात प्रबंधन की रणनीति बनाना, यात्रा से संबंधित खुफिया जानकारियों को साझा करना था। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। गोष्ठी में दोनों राज्यों के अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर अपनी-अपनी सुरक्षा योजनाओं का विस्तार से आदान-प्रदान किया।

**गोष्ठी में दोनों राज्यों के ये अधिकारी रहे मौजूदः** एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्रा, एसपी क्राइम/ट्रैफिक सुश्री नीहारिका तोमर,एडीएम रामपुर नितिन मदान,एडीएम मुरादाबाद ज्योति सिंह, एडीएम बिजनौर अंशिका दीक्षित,एसडीएम बरेली रीतिका श्रीवास्तव, एसडीएम पीलीभीत मयंक गोस्वामी, एएसपी बिजनौर संजीव कुमार वाजपेई, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, एएसपी बरेली मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी काशीपुर अभय कुमार सिंह, एसपी संचार आरडी मठपाल, सीओ काशीपुर दीपक सिंह, सीओ बाजपुर विभव सैनी, सीओ सीओ स्वार रामपुर अतुल पांडे,सीओ रुद्रपुर प्रशांत कुमार, सीओ बीसलपुर पीलीभीत प्रगति चौहान सहित जनपद के अन्य अधिकारी/कर्मचारी थे।



### सूचना

मैं भूतपूर्व सैनिक नं0 8028732-K नायक हरिहर सिंह अपने सेना सर्विस के दस्तावेजों में अपनी पुत्री सोनू (SONU) का नाम बदलकर सोनू खनी (SONU KHANI) एवं जन्मतिथि 25.08.91 से बदलकर 25.08.92 करवाना चाहता हूं जो भूलवश गलत चढ़ चुकी है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SONIA MEHRA से बदलकर SONIYA BISHT रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे SONIYA BISHT नाम से जाना पहचाना जाये। - **सोनिया बिष्ट, पत्नी अमित कुमार सिंह, जगन्नाथ विहार, तल्ली बमोरी, बन्दोबस्ती, मुखानी, हल्द्वानी ( नैनीताल )।**

# सूर्य फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटा,एक श्रमिक की मृत्यु, कमिश्नर पहुंचे घायलों का हाल जानने

**काशीपुर**

**हमारे संवाददाता**

काशीपुर में गुरुवार सूर्य फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने से एक श्रमिक की मृत्यु हो गई। जबकि 10 श्रमिक घायल हो गए। घायल श्रमिकों को नगर के आयुष्मान चिकित्सालय में उपचार को भर्ती कराया गया है उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर घायलों का हाल जानने के लिए मंडलायुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा,सीएमओ डॉ केके अग्रवाल आयुष्मान चिकित्सालय पहुंचे । उन्होंने घायलों हाल जाना व उनके परिजनों से वार्ता की। मंडलायुक्त ने चिकित्साधिकारियों से वार्ता की व कहा कि घायलों का हर सम्भव उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से भी वार्ता हो गई है।



मुख्यमंत्री ने भी घटना पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी घायल को उपचार हेतु उच्च चिकित्सालय भेजना पड़े तो भेजा जाएगा। कमिश्नर ने घटना की जांच कराने को जिलाधिकारी को निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि घायलों का हर सम्भव ईलाज किया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सालय में बने रहने के निर्देश दिए। डीएम ने घायलों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सूर्य फैक्ट्री में घटना को देखते हुए राहत बचाव हेतु एनडीआरएफ को भी भेजा। इस दौरान महापौर दीपक बाली, एडीएम पंकज उपाध्याय, एडीएम अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म उदयपुर फाइल्स पर लगाई रोक




*फिल्म उदयपुर फाइल्स साल 2022 में हुए कन्हैया लाल के मर्डर पर आधारित है। इसकी रिलीज पर रोक लगा दी गई है। उदयपुर मर्डर पर बनी फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। अदालत के इस फैसले के बाद फिल्म निर्माता अमित जानी का बयान आया है। उन्होंने कहा है कि वह इस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। अमित जानी ने एएनआई से बताया हमने उनके वकील कपिल सिब्बल को यह फिल्म दिखाई। फिल्म देखने के बाद भी वह इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने उनसे फीस ली है। आज अदालत ने कहा कि इस फिल्म पर रोक लगाई जाती है। हम इस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। उनसे कहा गया है कि वह केंद्र सरकार के पास जाएं और सरकार इस मामले पर सात दिनों में अपना फैसला देगी कि यह फिल्म सही है या गलत। उन्होंने आगे कहा कन्हैया लाल का कत्ल तीन साल पहले कैमरे के सामने कर दिया गया था। अब तक इस मामले पर कोई भी फैसला नहीं आया है। हालांकि जो फिल्म उनका दर्द दिखा रही है उस पर तीन दिनों के अंदर बैन लगा दिया गया है।*

### अगले फैसले तक रहेगी फिल्म पर रोक

*फिल्म उदयपुर फाइल्स पर तब तक रोक लगी रहेगी जब तक इस मामले पर केंद्र सरकार और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) कोई फैसला नहीं ले लेते। फिल्म के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद की तरफ से संशोधन आवेदन जारी किया गया है। अदालत ने फिल्म पर रोक लगाने का फैसला जमीयत उलेमा-ए-हिंद और प्रशांत टंडन की तरफ से दायर उस याचिक पर सुनवाई करने के बाद लगाया, जिसमें उन्होंने सीबीएफसी की तरफ से फिल्म को सर्टिफिकेट देने के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकर्ताओं ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि फिल्म की रिलीज से भाईचारे पर फर्क पड़ेगा और पब्लिक के लिए खतरा पैदा होगा।*

# जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंची

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल सरोवर नगरी नैनीताल जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। गुरुवार को नाम वापसी के दौरान कई निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। नाम वापसी के चलते जिले में सात उम्मीदवार मैदान से हट गए हैं, जिससे अब शेष प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।

ककोड़ से किरन, ढोलीगांव से विजय लोहनी, सरना से नेहा आर्या, मालधनचौड़-चंद्रनगर से पूनम टम्टा, गैबुआ से अनिल पुरी गोस्वामी, देवलचौड़-बंदोबस्ती से दीपा और अमृतपुर से रूपा भट्ट ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापसी के बाद अब इन क्षेत्रों में प्रत्याशियों की संख्या घट गई है और मुकाबला और भी रोचक होता जा रहा है। कई जगहों पर अब सीधी टक्कर के आसार हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि 2 से 5 जुलाई तक नामांकन पत्रों का वितरण, जबकि 7 से 9 जुलाई के बीच नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी की गई। कुल 140 नामांकन पत्र जमा हुए थे, जिनमें से एक खारिज और 139 वैध घोषित किए गए। अब अगला चरण प्रतीक चिन्हों के आवंटन का है, जो 14 और 18 जुलाई को किया जाएगा। जिले की 27 जिला पंचायत सीटों पर चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। इधर, नाम वापसी के साथ ही प्रत्याशियों ने प्रचार तेज कर दिया है। अब गांवों में चुनावी चहल-पहल बढ़ने लगी है और मतदाताओं को साधने की कोशिशें तेज हो गई हैं।



# नैनीताल में गुरु पूर्णिमा पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल तथा आस पास के क्षेत्रों में वीरवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के ठंडी सडक् स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर में आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी, मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट समेत नवीन तिवारी व अमित डालाकोटी के नेतृत्व में सुबह 10 बजे गणेश पूजन, मां पाषाणेश्वरी पूजन,नवग्रह पूजन,बाबा नीब करौरी महाराज जी का पूजन समेत गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गयी। दोपहर 12 बजे हवन, अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन वहीं दो बजे से सुंदरकांड शुरु किया गया। इस दौरान विविध



धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भकितमय बना रहा। इस मौके पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। अनुष्ठानों में यजमानों की भूमिका प्रकाश जोशी, विनोद जोशी, भोपाल सिंह बिष्ट व रोहित गौर ने सक्षनीक निभायी। अनुष्ठानों को सफ ल बनाने में प्रमोद सुयाल, राजेश मिश्रा, नितिन सिंह कार्की, गौरव जोशी, विकी वर्मा,किशोर ढेला, पंकज ढैला, पंकज बिष्ट, सौरभ रावत,गोपाल, अमित साह, भरत मेहरा, आयुष भंडारी, गुलशन, शोभा तिवारी, दीपा जोशी, सरला जोशी, भगवती, रजिंदर कौर, मनीषा जोशी, भगवती सुयाल, रश्मि बिष्ट व मीना वर्मा समेत कई भकतजन भकितभाव से जुटे रहे। महर्षि विद्या मंदिर ताकुला नैनीताल में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन तथा भावातीत ध्यान से किया गया,तत्पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा जीवन में गुरु के महत्व को बताया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे समेत दीपा बिष्ट, रेखा भट्ट, दीपिका,सरोज, प्रियंका,हिमानी,वैशाली,बरखा,मानसी, खस्टी सिजवाली तथा अभय जोशी उपस्थित थे। कुमाऊं विवि के डीएस बी परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पौधारोपण किया तथा गुरुजनों को बधाई दी गई । सहायक लेखाधिकारी बी. बी. जोशी ने हरेला तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए । पौधारोपण मे पदम्, पाम तथा किमू के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम वनस्पति विज्ञान विभाग तथा इग्नू द्वारा आयोजित किया गया तथा महर्षि वेद व्यास को प्रणाम किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन इग्नू डीएसबी कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी ने किया । इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने कहा कि पौधे जीवन को आनंदित करते है तथा गुरु द्वारा दी गई सबसे बड़ी शिक्षा है । कार्यक्रम में स्पोर्ट्स विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार समेत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदा बल्लभ पालीवाल के अलावा डॉ. नवीन पांडे, गोपाल सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह तथा मोहित खाती व लीला आदि ने पौधा रोपण किया।

## News कॉर्नर

### ब्लॉक प्रमुख चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किये जिला प्रभारी

हल्द्वानी । भाजपा ने पंचायत चुनाव रणनीति पर आगे बढ़ते हुए ब्लॉक प्रमुख चुनावों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर जिला नैनीताल में ओखलकांडा में चन्दन बिष्ट,धारी दीपक मेहरा, रामगढ़ मोहन पाल, भीमताल प्रदीप जनौटी, बेतालघाट देवेंद्र ढेला, हल्द्वानी गोपाल रावत, कोटा बाग तरुण बंसल, रामनगर गुंजन सुखीजा, उद्यमसिंह नगर में जसपुर सरदार मंजीत सिंह, बाजपुर राम मेहरोत्रा, काशीपुर विवेक सक्सेना, गदरपुर प्रदीप बिष्ट, रुद्रपुर दिनेश आर्य, सितारगंज दान सिंह रावत, खटीमा उत्तम दत्ता को जिम्मेदारी दी गयी है।

### पंचायती चुनाव को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड पर

नैनीताल । पंचायती चुनाव को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। चुनाव के दौरान अवैध रुप से शराब व रुपयों के परिवहन पर रोकथाम के लिए एसपी की अगुवाई में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की चैकिंग की। बता दें कि पंचायती चुनाव को लेकर प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वहीं चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस तैयारियों में जुट गए हैं। वीरवार को एसपी डॉ. जगदीश चंद्रा की अगुवाई में पुलिस टीम ने तल्लीताल डांठ व बारापत्थर क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों की चैकिंग की गई। एसपी ने बताया कि चुनाव में अवैध रुप से शराब व रुपयों का परिवहन न किया जाए इसकी रोकथाम को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चैकिंग की जा रही है। साथ ही संदिग्ध लोगों पर भी पुलिस नजर बनाये हुए है। फिलहाल चैकिंग में कुछ भी गैर कानूनी बरामदगी नहीं हुई है।

# दरोगा पर ताना तमंचा,सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त, आरोपियों पर मुक़दमा दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गश्त के दौरान एक कार चालक ने कोतवाली पुलिस के वाहन में टक्कर मार दी। पुलिस कर्मियों के विरोध पर में कार से उतरे दबंगों ने दरोगा से गाली गलौज करते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी ही नहीं बल्कि तमंचा भी तान दिया।

इस मामले में कार चालक समेत उसमें सवार तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक कोतवाली में तैनात दरोगा चंदन सिंह बिष्ट की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह वर्तमान में कोतवाली रुद्रपुर में तैनात हैं और 9 जुलाई 2025 को कोतवाली रुद्रपुर में रात्रि अधिकारी के रुप में ड्यूटी थी। डियूटी में हमराह पीआरडी राम सिंह चालक नरेश चन्द्र जोशी मौजूद थे। रात्रि गश्त चैकिंग सुबह कालीन क्लीन स्वीप की कार्रवाई के बाद मय

**कार्रवाई**

● क्रेटा कार में सवार थे दबंग, दरोगा को वर्दी उतरवाने की भी दी धमकी

वाहन सरकारी यूके 07 जीए 4772 वाहन चालक कांस्टेबल नरेश जोशी के इन्द्रा चौक से कोतवाली रुद्रपुर की तरफ वापस आ रहे थे। तभी इन्द्रा चौक के पास क्रेटा संख्या यूके 18 ई 9855 के चालक ने वाहन को तेजी एवं जबरदस्ती सरकारी वाहन से आगे निकालने व बराबर से आकर चालक व वाहन में बैठे 3-4 अन्य व्यक्तियों ने गाली गलौच करने लगे। उक्त वाहन को रोकने का इशारा किया तो वाहन के चालक ने वाहन को सरकारी वाहन के आगे खड़ा कर रास्ता रोक दिया। पुलिस के मुताबिक बाद में दरोगा जी ने वाहन से नीचे उतरकर चालक से पूछताछ करने के लिये उतरे तो उक्त चालक और उसमें बैठे तीन अन्य लड़के भी गाली गलौज करते हुए कहने लगे कि लोग पैसे वाले लोग है हमारी अधिकारियों एंव नेताओं में उंची पहुंच है,तुम जैसे दारोगा की वर्दी उतरवा दूंगा। पीआरडी राम सिंह ने उक्त चालक समेत कार में बैठे युवकों को बाहर आने को कहा। तभी चालक के बगल में बैठे लड़के ने तमन्चा दिखाते हुये गोली मारने की धमकी दी। चालक ने गाड़ी भगाने का प्रयास किया।

गाड़ी की चपेट में आते आते बचा और गाड़ी बैक में तेजी से गई जिससे सरकारी गाड़ी का बांये हिस्से का बम्फर टूट गया। बाद में उक्त कार को घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कार तेजी से काशीपुर रोड की तरफ भगा कर ले गया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि कार चालक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार व उसमें सवार युवकों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही पुलिस के शिकंजे में होंगे।

# कमलेश कैड़ा को मिला ओखलकांडा बड़ौन से तीन क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्यासियों का समर्थन, जताया आभार

धारी

हमारे संवाददाता

एडवोकेट कमलेश कैड़ा को ओखलकांडा के बड़ोन से क्षेत्र पंचयात सदस्य की 3 प्रत्याशीयों प्रियंका चिलवाल , यशोदा देवी , मन्जू बिष्ट ने क्षेत्र पंचायत सदस्य बनाने हेतु अपना समर्थन दिया! बड़ोन क्षेत्र से कमलेश कैड़ा ने भी क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया था! क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्यासियो ने कहा बड़ोन क्षेत्र में अधिक विकास हो विकास कार्यों को देखते हुए हम सभी प्रत्याशीयो ने अपना समर्थन एडवोकेट कमलेश कैड़ा को दिया है! कमलेश कैड़ा ने सभी क्षेत्र वासियो का आभार व्यक्त किया! कमलेश कैड़ा ने कहा कुछ कांग्रेसी निरस्त नामांकन पत्र को लेकर अधिकारियो पर दवाब बना रहे है! कमलेश कैड़ा ने कहा ओखलकांडा,धारी रामगढ़ व भीमताल, बेतालघाट सहित कई ब्लाको मै ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, वार्ड मेंबर के पदों पर नामांकन दाखिल किये गए थे नामांकन पत्र भरने मै त्रुटि के कारण सैकड़ो लोगो के नामांकन निरस्त हुए है,! लेकिन ओखलकांडा मै कुछ कांग्रेसी नामांकन पत्र ख़ारिज होने पर राजनिति कर रहे है!



# सैन्य अफसर को जहर खुरानों ने खिलाया नशीला पदार्थ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जहर खुरानी गिरोह के सदस्य फिर से रोड वेज रेलवे स्टेशन पर सक्रिय हो गए है। जहर खुरानी गिरोह के सदस्य अब किसी न किसी को नशीला पदार्थ खिलाकर बसों और ट्रेनों में सफर करने वाले लोगों से दोस्ती कर उन्हें अपना शिकार बना कर उन्हें लूट रहे हैं जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने एक सैन्य अफसर को उसे वक्त अपना शिकार बना लिया जब वह बस में सवार होकर हल्द्वानी आ रहा था इसी बीच रास्ते में जहर पुरानी के सदस्यों में उसे नशीला पदार्थ खिला कर उसे टीपी नगर क्षेत्र में छोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को 112 प फोन कर सूचना दी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और सैन्य अफसर को अर्ध बेहोशी व निर्वस्त्र अवस्था में सुशील तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद उससे पूछताछ की उसने बताया कि वह कैंची धाम मंदिर घूमने के लिए आया था।अफसर की मानसिक स्थिति असंतुलित प्रतीत हो रही थी और वह बातचीत करने की स्थिति में नहीं था। जांच में पता चला कि उक्त सैन्य अधिकारी राजस्थान के कोटा में तैनात हैं और वे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले अपने विदेशी दोस्त के साथ नैनीताल घूमने आए थे। दोनों कैंची धाम जाने निकले थे लेकिन रास्ते में एक-दूसरे से बिछड़ गए। विदेशी मित्र ने पुलिस को इस संबंध में सूचना दी था।

पुलिस द्वारा पूछताछ और जांच के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला जहरखुरानी का प्रतीत हो रहा है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि अफसर की पहचान और तैनाती की पुष्टि होने के बाद सेना को सूचना दी गई। बाद में सैन्य पुलिस को बुलाकर उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाल ने यह भी बताया कि अफसर ने बताया कि उसके पास हजारों रुपए की नगदी सहित अन्य सामान जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने बस में सवार अधिकारी को नशीला पदार्थ कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर पिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया। तभी घटना को अंजाम देकर जहर पुरानी चीजों को सदस्य फरार हो गए पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अफसर के साथ क्या हुआ और कैसे वह इस अवस्था में पहुंचे। अधिकारी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।ओर उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई

नैनीताल। नैनीताल शहर में यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासनए पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग ने अभियान चलाया। पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग ने 25 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

एसडीएम नवाजिश खलीक के नेतृत्व में वीरवार को नैनीताल ने पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग ने प्रतिबंधित टैकसी बाइकों के संचालन पर कार्रवाई की।

# ग्राम पंचायत छतरपुर से निर्विरोध प्रधान बनने पर हरीश भट्ट विधायक के आवास पहुंचे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

लोकतंत्र की खूबसूरती में रुद्रपुर विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले छतरपुर ग्राम एक नई मिसाल बना है। जहाँ मौजूदा प्रधान व भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट निर्विरोध प्रधान चुनें गये। निर्विरोध प्रधान बनने के बाद हरीश भट्ट अपने समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा के आवास पहुँचे और निर्विरोध प्रधान बनने पर विधायक शिव अरोरा का आभार जताया व आर्शीवाद लिया।



विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से छतरपुर ग्राम अपने आप मे मिसाल बनी है जिन्होंने निवर्तमान प्रधान द्वारा उस क्षेत्र मे किये गये कार्यों को संतोषजनक माना और हरीश भट्ट को निर्विरोध प्रधान चुनकर लोकतंत्र मे एक सुखद मिसाल कायम की। विधायक ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि छतरपुर क्षेत्र जो भी कार्य होंगे किये जायेंगे साथ ही हरीश भट्ट को निर्विरोध प्रधान बनने पर शुभकामनाएं व उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दी।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास,मयंक कक्कड़, मनोज मदान, महेंद्र आर्य, प्रेम सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सफल बनाने को दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त मतदान अधिकारी प्रथम तथा जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दो पालियों में मेडिकल कॉलेज सभागार, हल्द्वानी में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम एवं द्वितीय पाली में कुल 1047 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, तथा जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया।अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान अपनी समस्याओं का समाधान कर लें। मतदान दिवस के दिन यदि कोई समस्या आती है, तो जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि



मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का प्रचार न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।जिला विकास अधिकारी, गोपाल गिरी गोस्वामी, ने बताया कि प्रशिक्षण में मतदान दिवस की तैयारियों के साथ-साथ मतदान समाप्ति के बाद मतपेटियों को स्ट्रॉन्ग रूम तक लाने की प्रक्रिया व उसमें आने वाली संभावित समस्याओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मतदान कक्ष के अंदर पर्याप्त रोशनी हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मतदान दिवस पर महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए पृथक-पृथक लाइनें बनाई जाएं, तथा सूचना पट पर बूथ संख्या स्पष्ट रूप से अंकित हो, ताकि मतदाता अपने बूथ की पहचान कर सकें प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर, एच.बी. चंद, ने बताया कि यदि किसी मतदाता के दोनों हाथ नहीं हैं, तो पहचान स्याही उसकी ठुड्डी/चिन पर लगाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान दिवस पर मतदाता 25 प्रकार के दस्तावेजों को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि मतपत्र के पीछे सुभेदक सील एवं पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से किए जाएं। उन्होंने बताया कि मतदान स्थल के नंबर, क्षेत्र पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार विकास खंडवार होंगे, जबकि जिला पंचायत के क्षेत्रों के नंबर जनपदवार निर्धारित होंगे। मतदान आयोग द्वारा निर्धारित समयानुसार ही मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व मतदाता सूची, मतपत्र एवं मतपेटी का भलीभांति परीक्षण कर लिया जाए कि वे उसी मतदान केंद्र हेतु हों, जहां ड्यूटी निर्धारित है।